Bharat Temples

सुख दु:ख प्रभु पे छोड

हरे राम, राम राम, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा
हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे ।
हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे ॥

सुख दु:ख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो,
प्रभु नाम चदरिया ओढ़ , प्रभु से प्रेम करो,
सुख दु:ख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो ॥

राम नाम की ओढ़ चाहे , कृष्ण नाम की ओढ़,
सत्य प्रभु का नाम है , सत्कर्मों से जोड,
भेद भाव सब तोड़ ,प्रभु से प्रेम करो,
सुख दु:ख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो ॥

सुख भी हिस्सा है जीवन का , दु:ख भी हिस्सा है,
रोना हसना लाभ हानि , जीवन का किस्सा है,
प्रभु में तन मन को मोड़ ,प्रभु से प्रेम करो,
सुख दु:ख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो ॥

सुख में क्यों हरसाये और , दु:ख में क्यूँ घबराये,
जैसे दिन के बाद रात , वैसे सुख दु:ख आये जाये ,
प्रभु प्रेम का नाता जोड़ , प्रभु से प्रेम करो ।
सुख दु:ख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो ॥

Singer/Composer- Satyam Anandjee
Lyricist- K.S Hari Premi

Source:
https://www.bharattemples.com/sukh-dukh-prabhu-pe-chod-prabhu-se-prem-karo/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw